CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 44 □ रायपुर, शनिवार 8 मार्च 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए महिलाओं की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण : साय



### मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर,** 8 मार्च (हाईवे चैनल)। सीएम विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की सभी नारीशक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी है. उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए महिलाओं की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है. इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने महतारी वंदन योजना जैसी ऐतिहासिक पहल की है. महिला दिवस के अवसर पर आज महतारी वंदन योजना की 13वीं किश्त जारी की जाएगी.

बता दें, सीएम साय आज महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने जशपुर के कुनकुरी रवाना हुए. रवाना होने से पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत की. इस दौरान जशपुर की विधायक रायमुनी भगत और पत्थलगांव की विधायक गोमती साय भी नारीशक्ति के रूप में उनके साथ मौजूद रहीं. मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम साय ने कहा कि बीजेपी में हमेशा महिलाओं का सम्मान हुआ है. राष्ट्रपति पद पर महिला है, देश भर में महिला सांसद और विधायक हैं. सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर राज्य और देश की प्रगति में भागीदार बन सकें. मुख्यमंत्री साय ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से अपील की कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए समानता, सम्मान और सुरक्षा का वातावरण बनाया जाए. साय ने कहा कि एक सशक्त महिला ही सशक्त परिवार, समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकती है. उन्होंने प्रदेश की उन्नति के लिए और सशक्त नारी, सशक्त समाज के लक्ष्य को साकार करने के लिए सभी को मिलकर अपने हिस्से का बहुमूल्य योगदान देने की अपील की.

## दिल्ली में महिला सम्मान योजना को कैबिनेट की मंजूरी



### महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपए

**नई दिल्ली,** 8 मार्च (न्यूज चैनल)। दिल्ली की महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये मिलने का रास्ता साफ हो गया है. महिला सम्मान योजना को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है. कैबिनेट मीटिंग में महिला समृद्धि योजना के रजिस्ट्रेशन की तारीख पर भी मुहर लग गई है. बीपीएल कार्ड धारक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा. सरकार की पहली प्राथमिकता है कि गरीब महिलाओं को इसका लाभ मिले. होली के अवसर पर गरीब परिवारों को मुफ्त एक घरेलू गैस सिलेंडर देने का ऐलान भी दिल्ली सरकार कर सकती है. सूत्रों की मानें तो जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के मंच से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा महिला समृद्धि योजना के रजिस्ट्रेशन की तारीख का ऐलान किए।

उन्होंने कहा था कि महिला सम्मान निधि की पहली किश्त दिल्ली की महिलाओं को आठ मार्च को जारी होगी। महिलाओं के खाते में 2500 रुपए आने शुरू हो जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन में महिला सम्मान निधि की घोषणा की गई।

## पुलिसकर्मी को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला



**कोरबा,** 8 मार्च (हाईवे चैनल)। कोरबा में एक आरक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई. आरक्षक नाइट ड्यूटी के लिए घर से निकला और मोगरा थाना अंतर्गत जावली मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया. इस घटना में आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल आरक्षक को राहगिरों ने डायल 112 की सहायता से कटघोरा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर घायल आरक्षक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. जानकारी के मुताबिक, मृतक आरक्षक भूपेंद्र कंवर दीपका थाना में पदस्थ था और कटघोरा के निवासी था. वह अपनी नाइट शिफ्ट की ड्यूटी पर बाइक से दीपका थाना जा रहे थे, तभी यह हादसा मोगरा थाना अंतर्गत जावली मुख्य मार्ग पर हुआ. इस घटना के बाद आरक्षक के परिवार और पुलिस प्रशासन में शोक की लहर है.

## प्रधानमंत्री मोदी की सभा मोहभट्ठा में 30 मार्च को कमिश्नर एवं आईजी ने सभास्थल का लिया जायजा



**बिलासपुर,** 8 मार्च (हाईवे चैनल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिलासपुर 30 मार्च को आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। बिल्हा के ग्राम मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री की विशाल आमसभा होगी। आमसभा के लिए स्थल चयन के साथ ही वहां तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। संभागायुक्त महादेव कावरे एवं आईजी संजीव शुक्ला ने अधिकारियों की टीम साथ लेकर दोपहर में स्थल निरीक्षण किया। कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस के आला अफसर मौजूद थे। मोहभट्ठा गांव में लगभग 55 एकड़ खुले मैदान में प्रधानमंत्री की सभा होगी।

अधिकारियों ने इस मैदान के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए स्थल चिन्हांकित कर तैयारियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए। अफसरों के निर्देश पर तीन-चार बुलडोजर ने मैदान समतलीकरण का कार्य तुरंत शुरू कर दिया। अधिकारियों ने लगभग दो घण्टे तक मैदान के हर कोने कोने तक भ्रमण कर मैदान का सूक्ष्म निरीक्षण किया। हेलीपेड, मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रदर्शनी स्थल, पार्किंग,सुरक्षा व्यवस्था आदि छोटी-छोटी जरूरतों पर विचार-विमर्श किया और निर्देश दिए गये। नगर निगम आयुक्त एवं आयोजन के नोडल अधिकारी अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ एवं सहायक नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा, एसडीएम बजरंग वर्मा सहित आयोजन की तैयारी से जुड़े विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

## पीएम मोदी ने महिला दिवस पर नारी शक्ति को सौंपी सोशल मीडिया अकाउंट की कमान



**नई दिल्ली,** 8 मार्च (न्यूज चैनल)। देश और दुनिया भर में आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि हम अपनी नारी शक्ति को नमन करते है। हमारी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने क लिए काम किया है। हमारी योजनाओं और कार्यक्रमों में दिखता है। आज, जैसा कि वादा किया गया था मेरी सोशल मीडिया प्रॉपर्टी उन महिलाओं द्वारा संभाली जाएगी जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। भारत आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति का जश्न मना रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट को विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाएं संभालेंगी। यह एक अनोखा कदम है जो महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए उठाया गया है।

## ओयो होटल में लेजाकर युवती से दुष्कर्म, ,आरोपी गिरफ्तार



बिलासपुर, 8 मार्च (हाईवे चैनल)। जिले में शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता सक्ती जिले की रहने वाली है, जो 2019 में सकरी क्षेत्र में रहकर निजी संस्थान में काम करती थी। इसी संस्थान में करण यादव, निवासी आसमा सिटी भी काम करता था, जहां दोनों के बीच जान-पहचान हुई। युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर सरकंडा क्षेत्र के एक ओयो होटल में शारीरिक संबंध बनाया। जब युवती ने शादी के लिए कहा तो आरोपी ने इनकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने धारा 376 (2) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




CMYK